आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 गुरूवार 15.01.2026

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– नई दिल्ली के संविधान सदन में राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित कहा कि भारत में लोकतंत्र का अर्थ अंतिम छोर तक सेवाएं पहुंचाना है।

2– बीजापुर जिले में आज इक्कीस महिला सहित बावन माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

3– सराफा एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ में बुर्का या नकाब पहनकर और घूंघट ओढ़कर जेवर की खरीदी पर प्रतिबंध लगाया।

4– वंदेमातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर आज रायपुर लोकसभा क्षेत्र में करीब पांच लाख विद्यार्थियों ने वंदेमातरम् का सामूहिक गायन किया।

<u>प्रधानमंत्री–राष्ट्रमंडल देश</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत में लोकतंत्र का अर्थ है अंतिम छोर तक सेवाएं पहुंचाना और सरकार बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति के हित में काम कर रही है। नई दिल्ली के संविधान सदन में राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह बात कही।

श्री मोदी ने कहा कि देश ने विविधता को अपनी ताकत बनाया और सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत वैश्विक मंचों पर वैश्विक दक्षिण के मुद्दों को मजबूती से उठा रहा है।

कार्यक्रम को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने भी संबोधित किया।

<u>माओवादी आत्मसमर्पण</u>

बीजापुर जिले में आज इक्कीस महिला सहित बावन माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि शासन की पुना मारगेम पुनर्वास और आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर इन माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि इन सभी माओवादियों पर कुल एक करोड़ पैंतालीस लाख रूपये का इनाम घोषित था।

आत्मसमर्पण करने वाले इस सभी माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

<u>खनिज सचिव–पीसी</u>

खनिज संसाधन विभाग के सचिव पी. दयानंद ने बताया है कि छत्तीसगढ़, लीथियम खदान की नीलामी करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। आज रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में उन्होंने बताया कि खनिज ब्लॉकों की नीलामी से पिछले दो वर्षों में राज्य शासन के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। श्री दयानंद ने बताया कि वर्तमान में सी.एम.डी.सी. द्वारा बस्तर के अनुसूचित जनजातियों के जीवकोपार्जन के लिए विशेष रूप से टिन अयस्क की खरीदी का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बात का प्रयास किया गया है कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को टिन विक्रय करने का सही मूल्य सही वक्त पर मिल सके।

दुर्ग–स्टार्टअप समारोह

दुर्ग जिले में आज से राष्ट्रीय स्टार्टअप समारोह शुरू हो गया है। तीन दिवसीय इस समारोह का आयोजन जिला प्रशासन और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। समारोह का उद्देश्य स्टार्टअप संस्कृति को मजबूत करना, युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करना और स्थानीय नवाचार को बाजार से जोड़ना है।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए दुर्ग के शासकीय वी.वाय.टी. स्वशासी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि यह भारत के भविष्य के निर्माण का विचार मंच है।

वहीं, टाटा इंस्टीट्यूट के प्रबंध निदेशक सत्यजीत मजूमदार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना है।

समारोह के दौरान आयोजित प्रदर्शनी में घरेलू वस्तुएं, गृह सज्जा के सामान, खाने–पीने की वस्तुएं और इलेक्ट्रॉनिक वाहन से जुड़े नवाचार को दर्शाया गया है।

बालोद–जी राम जी अधिनियम

बालोद जिले की ग्राम पंचायत भेजामैदानी में दो सौ बयासी श्रमिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को विकसित भारत – जी राम जी योजना के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को बताया गया कि इस योजना के तहत हर ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष एक सौ पच्चीस दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, काम की मांग पर पंद्रह दिनों के भीतर रोजगार नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता भी मिलेगा। इस योजना के तहत जल सुरक्षा के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया जाएगा।

बुर्का/नकाब–प्रतिबंध

सराफा एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ में बुर्का या नकाब पहनकर और घूंघट ओढ़कर जेवर की खरीदी पर प्रतिबंध लगा दिया है। सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने बताया कि मास्क, हेलमेट, बुर्का और नकाब पहनकर आने वाले ग्राहकों को दुकान में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

श्री सोनी ने बताया कि गरियाबंद जिले के नवापारा–राजिम में बीते दिनों ज्वेलर्स दुकान में हुई एक करोड़ रूपये के सोने–चांदी के जेवर की चोरी के बाद यह निर्णय लिया गया है।

गौरतलब है कि इससे पहले बिहार, राजस्थान, उत्तरप्रदेश और झारखंड में भी इसी तरह का प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

वंदेमातरम–सामूहिक गायन

वंदेमातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ के अवसर पर आज रायपुर लोकसभा क्षेत्र में करीब पांच लाख विद्यार्थियों ने वंदेमातरम् का सामूहिक गायन किया। इसमें रायपुर लोकसभा क्षेत्र में स्थित करीब तीन हजार विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम राजधानी रायपुर के सुभाष स्टेडियम में आयोजित किया गया, जिसमें करीब दस हजार विद्यार्थियों ने प्रत्यक्ष रूप से अपनी सहभागिता की और वंदेमातरम् का सामूहिक गायन किया। अन्य विद्यार्थियों ने अपने–अपने विद्यालय और महाविद्यालयों के परिसरों में सामूहिक रूप से वंदेमातरम् का गायन किया। राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरू खुशवंत साहेब, लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महापौर मीनल चौबे और छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

बस्तर पंडुम

बस्तर जिले के विकासखंड मुख्यालय बस्तर और बकावंड में आज बस्तर पंडुम के तहत ब्लॉक स्तरीय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य के वन मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप और जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर विकासखंड के विभिन्न अंचलों से आए कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम स्थल पर बस्तर के स्वादिष्ट व्यंजनों, वन औषधियों और हस्तशिल्प की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी।

तातापानी महोत्सव

बलरामपुर में चल रहे तातापानी महोत्सव के दूसरे दिन आज पंच–सरपंच सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसके साथ ही कृषक संगोष्ठी भी आयोजित की गई। कल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस महोत्सव का शुभारंभ किया गया था। महोत्सव के पहले दिन राज्य के जाने–माने कलाकार विधायक पद्मश्री से सम्मानित अनुज शर्मा ने अपने दल के साथ छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके अलावा जिले के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर राज्य के कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी उपस्थित थे।

जगदलपुर–युवा संसद

जगदलपुर स्थित शहीद गुण्डाधूर कृषि महाविद्यालय में आज संभाग स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ बस्तर सांसद महेश कश्यप ने किया। उन्होंने युवाओं के संसदीय ज्ञान और कार्यक्रम के दौरान उनके प्रदर्शन की सराहना की। श्री कश्यप ने कहा कि ऐसे आयोजन भावी पीढ़ी को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझने का अच्छा अवसर प्रदान करते हैं।

संक्षिप्त समाचार

– बलौदाबाजार कलेक्टोरेट परिसर में आगजनी और तोड़फोड़ के मामले में छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के पदाधिकारियों और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल को गिरफ्तार किया गया है।

– विधि और विधायी कार्य विभाग के मंत्री गजेन्द्र यादव ने आज विभाग की नई आधिकारिक वेबसाइट का लोकार्पण किया। चिप्स द्वारा तैयार की गई इस वेबसाइट के माध्यम से उच्च न्यायालय, महाधिवक्ता कार्यालय, जिला न्यायालय, ट्रिब्यूनल और राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी मिल सकेगी।

– महासमुंद के सरायपाली विकासखंड के अंतर्गत बालोदिया स्थित राईस मिल में इकसठ हजार बोरे से अधिक धान की कमी पाए जाने पर राईस मिल में उपलब्ध संपूर्ण धान और चावल के स्टॉक को अनुविभागीय अधिकारी द्वारा जब्त कर लिया गया है।

– वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में जांजगीर–चांपा जिले के खरौद में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बारह प्रतिभावान छात्र–छात्राओं का सम्मान किया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>